प्रेरणा की शक्ति

The Livonia Warriors — FRC 2832
Livonia, MI USA
2023

वूडी फ्लावर्स को समर्पित, जिन्होंने *FIRST** के लिए प्रेरणा दी

*For Inspiration and Recognition of Science and Technology



यह एक बहुत ही अच्छा रोबोट होगा; मैं इसे जल्दी से जल्दी बनाना चाहता हूं
अरे, उसे क्या हुआ ?
अरे, तुम कुछ क्यों नहीं कर रहे हो?
क्या तुम ठीक हो?

मुझे लगता है, वैसे भी हम जीतने वाले नहीं हैं, तो यह सब करने की क्या जरुरत है?
तुम निराश लग रहे हो, और तुम्हे प्रेरित होने की आवश्यकता है!
हैलो , हम जानना चाहते हैं, की *FIRST* तुम्हे कैसे प्रेरित करता है?
FIRST मुझे दूसरों की मदद करने और अपनी क्षमता का पूरा उपयोग करने के लिए प्रेरित करता है।
ठीक है, तुम्हारी मदद के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

चलो बॉब, हम तुम्हें कुछ दिखाते हैं !!
ठीक है, जैसे भी
हैलो, FIRST तुम्हे क्या करने के लिए प्रेरित करता है?
FIRST मुझे खुद को लगातार आगे बढ़ाने, नए कौशल सीखने और हर दिन कठिन चुनौतियों से निपटने के लिए प्रेरित करता है।
चुनौती चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हो, उसका हमेशा एक समाधान होता है जो कई प्रक्रियाओं के माध्यम से पाया जा सकता है।
धन्यवाद!

हैलो , क्या आप हमें यह बताना चाहेंगे, कि FIRST आपको कैसे प्रेरित करता है?
FIRST मुझे एक लक्ष्य तय करने और उसे पूरा करने के तरीके की योजना बनाने के लिए प्रेरित करता है । मैं आखिरी मिनट तक सब कुछ छोड़ने की बजाय वास्तव में उस योजना पर कायम रहता हूं।
ठीक है, आपके समय के लिए धन्यवाद!

कैसे हो बच्चों! मैं Gracious Professionalism की आत्मा हूं, या वुडी फ्लावर्स, जो भी आप मुझे कहना पसंद करें।
ओह, हैलो डॉ वुडी फ्लावर्स!
बॉब यहाँ बहुत निराश महसूस कर रहा हैं और उसमे प्रेरणा की कमी है।
मैं समझता हूं कि आप ऐसा महसूस कर रहे हैं कि यह समय की बर्बादी है, लेकिन रचनात्मक गतिविधि कुछ आत्म-पुरस्कृत गतिविधियों में से एक है। आपको ऐसा लग सकता है कि आपकी टीम के न जीतने की संभावना के कारण यह समय की बर्बादी है, लेकिन ऐसी बात नहीं है।
जिस तरह से मैं प्रतियोगिता को देखता हूं वह एक दूसरे को हराने के लिए नहीं है, बल्कि प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप दोनों प्रतियोगियों को बेहतर बनाने और सुधारने के लिए है। आप अपने और दूसरों के बारे में बहुत कुछ जानेंगे और इसके परिणामस्वरूप आप एक बेहतर इंसान बनेंगे। मेरा विश्वास करो, यदि आप इस वर्ष अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करते हैं, तो आपको निश्चित रूप से इसका पछतावा नहीं होगा!
मेरी शुभकामनाएं आपके साथ हैं बॉब, तुम यह कर सकते हो, मुझे तुम पर पूरा विश्वास है!
तो, अब तुम कैसा महसूस कर रहे हो?
हाँ, मुझे लगता है कि अब मैं समझ गया हूँ । मैं अब से और अधिक प्रयास करूंगा।